# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

# MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY, BIKANER

FORMERLY UNIVERSITY OF BIKANER, BIKANER

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत

NATIONAL HIGHWAY NO. 15, JAISALMER ROAD, BIKANER-334004 (RAJASTHAN) INDIA

दूरभाष / Phone : 0151-2212044 फैक्स / Fax : 2212042 ई–मेल / E-mail : coe@mgsubikaner.ac.in


**क्रमांक : प.11 ( )/मगसिंविबी/परीक्षा–स्नातकोत्तर/2026/8339** **दिनांक :09.01.26**

**विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,**
**बीकानेर।**

**विषय :** विभिन्न पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर (दिसंबर 2025) **के** लिए ऑन लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाने एवं विभाग/महाविद्यालय द्वारा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करने के क्रम में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सूचित है कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा परीक्षा अधिसूचना क्रमांक 8328 दिनांक 09.01.2026 के द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर (दिंसबर 2025) **के** लिए **दिनांक 12.01.2026** से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जा रहे हैं। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट www.mgsubikaner.ac.in एवं www.univindia.net से परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकता है। **ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरते समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर हेल्पलाईन नं. 9460713090 एवं 7230068203 पर प्रातः 09.00 बजे से सांय 07.00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं अथवा विश्वविद्यालय मेल आई डी mgsuexam2020@gmail.com पर अपनी कठिनाई प्रेषित कर सकता है।** ऑन लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mgsubikaner.ac.in एवं univindia.net पर उपलब्ध हैं। समस्त प्राचार्यगण से आग्रह है कि वे अपने महाविद्यालय स्तर पर हैल्प लाईन के रूप में परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध करावें ताकि परीक्षार्थी सरलता से अपने परीक्षा आवेदन–पत्र ऑन लाईन भर सके। नामांकन (जो छात्र पूर्व में नामांकित नहीं है) एवं परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि निम्नानुसार हैं :–

| S.no | Name of Class | Without Late Fee | With Late Fee of ₹100/- | With Double Exam Fee |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A., B.Sc., B.Com., (Regular/Ex/NC) B.B.A., B.C.A.,B.F.A., B.A./B.Sc. Hons. (Geography/History) Semester III/V (Regular/Ex)<br>M.A./M.Sc./M.Com. Semester III(Regular/Ex/NC)<br>LL.B./MBA/MPES/B.P.Ed./M.Ed./LL.M. Semester III(Regular/Ex)<br>B.A.LLB. Semester III/V/VII/IX(Regular/Ex) | 12-01-2026 to 20-01-2026 | 21-01-2026 to 24-01-2026 | 25-01-2026 to 27-01-2026 |
| 2 | B.A., B.Sc., B.Com., (Regular/Ex/NC) B.B.A., B.C.A.,B.F.A., B.A./B.Sc. Hons. (Geography/History) Semester I/III (Ex/NC)<br>M.A./M.Sc./M.Com. Semester I/III(Ex/NC)<br>MBA/MPES/B.P.Ed./M.Ed./LL.M. Semester I(Ex)<br>**(केवल सेमेस्टर द्वितीय/चतुर्थ अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए)** | 12-01-2026 to 20-01-2026 | 21-01-2026 to 24-01-2026 | 25-01-2026 to 27-01-2026 |

ऑन लाईन भरे गये परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर प्रेषित दिशा–निर्देशों, विश्वविद्यालय के परीक्षा सम्बन्धी नियम/अध्यादेश एवं निम्न बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करें :–

1. परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी की सम्बन्धित परीक्षा के लिए नियमानुसार पात्रता सुनिश्चित की जाए। **परीक्षार्थी से तीन प्रतियों (विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, स्टूडेंट प्रति) में आवेदन पत्र प्राप्त कर विश्वविद्यालय कॉपी समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि में विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना सुनिश्चित करावें। महाविद्यालय प्रति अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित रखते हुए परीक्षार्थी को यह भी निर्देश प्रदान करें कि आवेदन पत्र की स्टूडेंट प्रति जिस पर महाविद्यालय ने पावती प्रदान की है को अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखे।**
2. कृपया सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी द्वारा संबधित कक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करा दिया गया है।
3. परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व कृपया जांच कर ली जावे कि आवेदन–पत्र की समस्त प्रविष्टियाँ यथा परीक्षार्थी का व्यक्तिगत विवरण, निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर, परीक्षार्थी की कैटेगरी (नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी), परीक्षार्थी द्वारा पूर्व में उतीर्ण की गई कक्षा एवं उसका विवरण (कम्पाईलेशन), प्राप्तांक प्रतिशत, पूर्व में उतीर्ण किए गए अनिवार्य प्रश्न–पत्रों के नाम, पूर्व में दी गई परीक्षा के अनुक्रमांक, नामांकन एवं परीक्षार्थी द्वारा चयनित वैकल्पिक विषय आदि सूचनाएं सही एवं पूर्ण रूप से भरी हुई है।
4. **महाविद्यालय को विश्वविद्यालय पोर्टल univindia.net पर पृथक से कॉलेज लॉगिन का विकल्प दिया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जाकर user id में स्वयं की कॉलेज कोड एवं password में mgsu** डालकर लॉगिन करें। तत्पश्चात् वांछित सूचनाएं भरते हुए पासवर्ड रिसेट करें। **यूजर आई डी व पासवर्ड भविष्य में** उपयोग के लिए अपने पास सुरक्षित रखें।

5. महाविद्यालय में जमा हुए परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाईन सत्यापित(Verify) करें तथा पोर्टल पर उपलब्ध कक्षा/संकाय/विषयवार NR List print कर प्राचार्य द्वारा सत्यापित करवाते हुए आवेदन पत्रों के साथ विश्वविद्यालय में जमा करावें।
6. परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करते समय यह ध्यान रखा जावे कि आवेदन–पत्र की विश्वविद्यालय प्रति के साथ अर्हता परीक्षा/पूर्व परीक्षा की अंकतालिका/प्रवजन प्रमाण पत्र आदि वांछित दस्तावेज संलग्न करें। परीक्षा आवेदन पत्र की महाविद्यालय प्रति अपने रिकॉर्ड के लिए रखें। परीक्षा आवेदन पत्र कक्षा अनुसार, विषयानुसार एवं एन आर लिस्ट के क्रम के अनुसार हो, अन्यथा स्वीकार नहीं होगें।
7. महाविद्यालय में भिन्न–भिन्न शुल्क यथा(बिना विलम्ब शुल्क, रू 100/–विलम्ब शुल्क, दुगने शुल्क) से जमा किए गए विभिन्न कक्षाओं के आवेदन–पत्र कक्षा/संकाय/विषयवार व्यवस्थित कर अंतिम तिथि 30.01.2026 तक विश्वविद्यालय को प्रेषित करावें।
8. किसी भी स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 30.01.2026 के उपरांत विश्वविद्यालय में स्वीकार्य नहीं होगें।निर्धारित दिनांक के पश्चात् आवेदन पत्र जमा करवाने पर नियमानुसार विलंब शुल्क देय होगा।
9. निर्धारित समयावधि में आवेदन–पत्र जमा करवाने के लिए आने वाले महाविद्यालय कर्मचारी को यात्रा भत्ता भुगतान विश्वविद्यालय नियमानुसार किया जाएगा।
10. उपर्युक्त प्रक्रिया द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन–पत्रों (नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों) के लिए विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को निम्नानुसार अग्रेषण शुल्क देय हैः–

| क्र.सं. | विवरण | नियमित/पूर्व छात्रों के लिए | स्वयंपाठी छात्रों के लिए |
|---|---|---|---|
| 1 | मंत्रालयिक कर्मचारियों को आवेदन–पत्रों की जॉच, एन आर लिस्ट के अनुसार आवेदन पत्रों को व्यवस्थित करने हेतु, ऑनलाईन सत्यापन, नामांकन/अंक सुधार हेतु प्राप्त मूल अंकतालिका, मुख्य परीक्षा की मूल अंकतालिका व प्रोविजनल प्रमाण पत्र वितरित करने हेतु | 2.50/– | 5.00/– |
| 2 | उपर्युक्त कार्यों में सहयोग करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु। | 0.50/– | 1.00/– |
| 3 | महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्रों को के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर अग्रेषित करने एवं सम्पूर्ण कार्यो का पर्यवेक्षण करने हेतु। | 1.00/– | 2.00/– |
| 4 | आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करने के काम में आने वाली स्टेशनरी एवं डाक टिकट आदि के लिए। | 1.00/– | 2.00/– |
| | कुल योग | 5.00/– | 10.00/– |

9/1/26

(प्रो. राजाराम चोयल)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : प.11 ( )/मगसिंविबी/परीक्षा–स्नातकोत्तर/2026/8340–51 दिनांक : 09.01.26

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. निजी सहायक, कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
4. अतिरिक्त कुलसचिव/उपकुलसचिव(शैक्षणिक), महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
5. आहरण एवं वितरण अधिकारी, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
6. समस्त सहायक कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
7. समस्त अनुभाग अधिकारी, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
8. संस्थापन शाखा(आवक एवं जावक) को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालयों से प्राप्त आवेदन पत्र संबधित अनुभाग में भिजवाना सुनिश्चित करें।
9. श्री कमलकांत शर्मा, नोडल ऑफिसर, वेबसाईट, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
10. तकनीकी फर्म को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित दिनांक तक परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करावें।

9-1-26

(डॉ. गिरीराज हर्ष)
उप कुलसचिव(परीक्षा)